शुद्ध आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों से निर्मित

New Dr. Juneja's Roop Mantra®

Ayurvedic Face Cream & Face Washes

डबल डेकर बस में लगी आग, 100 यात्रियों की जान बाल-बाल बची

खन्ना में हादसा : जालंधर व लुधियाना से प्रवासी मजदूर लेकर उत्तर प्रदेश जा रही थी बस

जीटी रोड पर बस में लगी आग। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

खन्ना। खन्ना के नजदीक जीटी रोड पर डबल डेकर एसी स्लीपर बस में अचानक भीषण आग लग गई। बस में करीब 100 यात्री सवार थे। आग इतनी तेजी से फैली कि यदि समय रहते यात्रियों को बस से बाहर नहीं निकाला जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था।

बस जालंधर व लुधियाना से प्रवासी मजदूरों को लेकर उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले जा रही थी। रास्ते में एक राहगीर ने बस चालक को पीछे आग लगने की सूचना दी। इसके बाद चालक ने तुरंत बस को सड़क किनारे रोककर सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। यात्रियों को अपना सामान तक निकालने का मौका नहीं मिला। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

हालांकि बस में क्षमता से अधिक यात्री थे या नहीं, इस संबंध में एसडीएम खन्ना ने कहा कि इसकी जांच करवाई जाएगी। हादसे के बाद कई यात्रियों का सामान और नकदी जलकर राख हो गई।

मेहनत से कमाए 45 हजार रुपये जले

एक प्रवासी मजदूर ने रोते हुए बताया कि उसकी 45 हजार रुपये की मेहनत की कमाई सामान के साथ जल गई। उसने कहा कि वह परिवार का पालन-पोषण करने के लिए पंजाब में मजदूरी करता है लेकिन इस हादसे ने उसकी सारी जमा-पूंजी छीन ली। उसने कहा कि केवल उसका ही नहीं, बल्कि कई अन्य यात्रियों का भी सामान और मेहनत की कमाई आग की भेंट चढ़ गई। गनीमत रही कि इस हादसे में सभी यात्री सुरक्षित बच गए। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। हादसे की सूचना मिलते ही एसडीएम खन्ना स्वाति टिवाणा मौके पर पहुंचीं और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

सरकार गांवों के विकास के लिए प्रतिबद्ध : मान

मावां धीयां योजना के तहत पात्र महिलाओं को पहले तीन महीनों की राशि एकमुश्त देने की घोषणा

फतेहगढ़ साहिब। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने चनार्थल कलां में आयोजित विशाल जनसभा के दौरान मावां धीयां सरकार योजना के तहत पात्र महिलाओं को पहले तीन महीनों की राशि एकमुश्त देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यदि किसी महिला का कार्ड या अन्य दस्तावेजी प्रक्रिया देर से पूरी होती है तो उसे भी बकाया राशि एक साथ दी जाएगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गांव चनार्थल कलां की पंचायत को विकास कार्यों, स्ट्रीट लाइटों और अन्य बुनियादी सुविधाओं के लिए 51 लाख रुपये का चेक प्रदान किया। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार गांवों के सर्वपक्षीय विकास के लिए प्रतिबद्ध है और लोगों की जरूरतों के अनुसार विकास निधि जारी की जा रही है। मान ने शिरोमणि अकाली दल, भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस पर तीखे हमले करते हुए कहा कि कुछ लोग झूठे प्रचार और नकली वीडियो के माध्यम से जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन पंजाब के लोग सब कुछ समझते हैं। उन्होंने कहा कि जनता के दिलों में जो प्यार मिलता है, उसकी कीमत किसी भी मुद्रा में नहीं लगाई जा सकती। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि लोगों का प्यार और समर्थन आम आदमी पार्टी को मिलता रहा तो उन्हें हराने वाला कोई नहीं होगा। अपने ऊपर लगाए जा रहे आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि वह सिख धर्म और श्री अकाल तख्त साहिब का अत्यंत सम्मान करते हैं।

उन्होंने कहा कि जब वह सांसद थे, तब वर्ष 2019 में छोटे साहिबजादों को श्रद्धांजलि देने की मांग संसद में उठाई थी और वह कभी सपने में भी गुरु साहिब की बेअदबी के बारे में नहीं सोच सकते। संवाद

चनार्थल कलां में लोगों को संबोधित करते मुख्यमंत्री मान। संवाद

नहर किनारे मिले गुटका साहिब व सुखमनी साहिब के जले अंग

अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज, जांच शुरू

मोगा। थाना कोट ईसे खां के अंतर्गत आते गांव खोसा रणधीर से गुजरती नहर के किनारे गुटका साहिब, सुखमनी साहिब और सूरज प्रकाश ग्रंथ के जले अंग मिलने से लोगों में रोष फैल गया।

शनिवार सुबह करीब 11 बजे लोगों को नहर के किनारे कपड़ों में बंधा एक गीला बंडल मिला। बंडल में सिख धर्म की पवित्र पोथियां और ग्रंथ थे। प्रारंभिक जांच में ऐसा प्रतीत हो रहा है कि यह बंडल नहर के पानी में बहकर यहां तक पहुंचा और किनारे पर आकर रुक गया। बरामद हुए पवित्र अंगों पर जलने के स्पष्ट निशान हैं। घटना की जानकारी मिलते ही सिख संगत और ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे। इसके बाद धार्मिक मर्यादा के तहत सभी पवित्र अंगों और पोथियों को सम्मान के साथ गांव खोसा रणधीर स्थित गुरुद्वारा बाबा रणधीर साहिब के सचखंड में सुशोभित कर दिया गया। इस मामले में पुलिस ने गांव खोसा रणधीर निवासी कुलवंत सिंह के बयान के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। संवाद

पति-पत्नी में विवाद, मायके पक्ष की गोलीबारी में चार लोग घायल

मोगा। कस्बा धर्मकोट के गांव कमालके मंड में रविवार दोपहर पति-पत्नी के बीच विवाद के बाद खूनी संघर्ष हो गया। पत्नी ने झगड़े के बाद अपने मायके वालों को फोन कर बुलाया। इसके बाद मायके पक्ष के लोग दो-तीन गाड़ियों में सवार होकर पहुंचे और बेटी के ससुराल परिवार पर हमला कर दिया।

आरोप है कि हमलावरों में शामिल कुछ लोगों ने गोलीबारी की, जिससे परिवार के चार सदस्य घायल हो गए। घायलों में महिला का पति, ससुर, जेठानी और ननद शामिल हैं। घायलों को मोगा के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। महिला के पति की हालत गंभीर होने के कारण फरीदकोट मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

घायल सोना सिंह ने बताया कि उसका पत्नी रानी के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इसके बाद पत्नी ने अपने मायके फोन कर दिया। कुछ ही देर में पत्नी के भाई समेत करीब 20-25 लोग वहां पहुंच गए और आते ही उनके परिवार पर हमला कर दिया। संवाद

खालसाई नारों के बीच सिख श्रद्धालु पाकिस्तान रवाना

महाराजा रणजीत सिंह की बरसी पर होने वाले कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे, 30 को लौटेंगे

अमृतसर। महाराजा रणजीत सिंह की बरसी पर पाकिस्तान में हो रहे कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए सिख श्रद्धालुओं का जत्था रविवार को खालसाई नारों के बीच पाकिस्तान के लिए रवाना हुआ। जत्था शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से भेजा गया है।

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के हेड ऑफिस से जत्थे के रवाना होने के मौके पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चीफ सेक्रेटरी कुलवंत सिंह, सतबीर सिंह और सेक्रेटरी बलविंदर सिंह काहलवां ने जत्थे के लीडर व शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य खुशविंदर सिंह भाटिया, बीबी हरजिंदर कौर और जनरल मैनेजर डिप्टी सेक्रेटरी आजाददीप सिंह को सिरोपा देकर रवाना किया। कुलवंत सिंह ने बताया कि इस बार 290 श्रद्धालुओं को वीजा मिला है।

महाराजा रणजीत सिंह की बरसी के समारोह में शामिल होने से पहले श्रद्धालु पहले गुरुद्वारा श्री ननकाना साहिब, गुरुद्वारा सच्चा सौदा साहिब मंडी चुहड़काना शेखुपुरा, गुरुद्वारा श्री पंजा साहिब, गुरुद्वारा श्री दरबार साहिब श्री करतारपुर साहिब, गुरुद्वारा श्री रोड़ी साहिब, गुरुद्वारा देहरा साहिब लाहौर आदि के दर्शन करेंगे। 29 जून को महाराजा रणजीत सिंह की बरसी के समारोह में शामिल होने के बाद जत्था 30 जून को वापस वतन लौटेगा। संवाद

पाकिस्तान रवाना होता सिख श्रद्धालुओं का जत्था। संवाद

20 हजार रुपये रिश्वत लेते सब-इंस्पेक्टर रंगे हाथ काबू

जालंधर। पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान थाना फिल्लौर जिला जालंधर में तैनात सब-इंस्पेक्टर अमनदीप कौर को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

राज्य विजिलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी को मोहल्ला चौधरियां, फिल्लौर, जिला जालंधर के एक निवासी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि उसके बेटे को नशीले पदार्थों के मामले में गिरफ्तार किया गया था। आरोपी एसआई ने जमानत दिलाने में मदद करने, कम मात्रा में नशीले पदार्थ दिखाकर मामला दर्ज करने तथा उसका मोबाइल फोन वापस करने के लिए 20 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी। मजबूरन शिकायतकर्ता ने पहले ही एक हजार रुपये रिश्वत के तौर पर दे दिए थे। शिकायतकर्ता ने रिश्वत मांगने से संबंधित पूरी बातचीत भी रिकॉर्ड कर ली थी। इसके बाद शिकायतकर्ता ने विजिलेंस ब्यूरो रेंज जालंधर से संपर्क किया था। संवाद

TCIEXPRESS
LEADER IN EXPRESS
Join India's Leading Express Logistics Company
Branch In-charge (Sales)
Eligibility:
Education: 12th or above
Experience: 2–5 years in Logistics Sector
Age: 22–35 years
Location: Pan India (Ready to relocate anywhere)
hr.xuro@tciexpress.in | 86028 68170, 82872 06714
www.tciexpress.in

अपनी गाड़ी अपना शहर अपना बिज़नेस
बिज़नेस एसोसिएट बनें
गारंटीड इनकम कमाएं
न्यूनतम 10वीं पास
स्थानीय भाषा और हिंदी का ज्ञान
न्यूनतम 1-टन वाहन (EV को प्राथमिकता)
QR स्कैन करें और आवेदन करें
ज्यादा काम ज्यादा कमाएं
अपने समय की बादशाही
hr.xba@tciexpress.in | 88822 39984, 80765 58035

न्यूज डायरी

बुजुर्ग कल्याण गतिविधियों में 1.11 लाख से अधिक भागीदारी

डॉ. बलजीत कौर।

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस की विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने 2015 के बहिबल कलां पुलिस फायरिंग मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता विजय कुमार सांपला को 22 जून को पूछताछ के लिए बुलाया है। एसआईटी ने आधिकारिक नोटिस जारी कर उन्हें जालंधर में पंजाब आर्म्ड पुलिस कॉम्प्लेक्स में बयान दर्ज कराने को कहा है। नोटिस में चेतावनी दी गई है कि आदेश न मानने पर कानूनी कार्रवाई हो सकती है। यह मामला 2015 में फरीदकोट में हुई बेअदबी की घटना के बाद हुए विरोध-प्रदर्शन और गोलीबारी से संबंधित है। एसआईटी ने दो आईएएस अधिकारियों, मलविंदर सिंह जग्गी और गगनदीप सिंह बराड़ को भी बयान दर्ज करवाने के लिए बुलाया है। इस मामले में पहले भी कई नेताओं से पूछताछ हो चुकी है, और अब जांच दोबारा तेज कर दी गई है। ब्यूरो

बहिबल कलां गोलीकांड : सांपला से होगी पूछताछ

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस की विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने 2015 के बहिबल कलां पुलिस फायरिंग मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता विजय कुमार सांपला को 22 जून को पूछताछ के लिए बुलाया है। एसआईटी ने आधिकारिक नोटिस जारी कर उन्हें जालंधर में पंजाब आर्म्ड पुलिस कॉम्प्लेक्स में बयान दर्ज कराने को कहा है। नोटिस में चेतावनी दी गई है कि आदेश न मानने पर कानूनी कार्रवाई हो सकती है। यह मामला 2015 में फरीदकोट में हुई बेअदबी की घटना के बाद हुए विरोध-प्रदर्शन और गोलीबारी से संबंधित है। एसआईटी ने दो आईएएस अधिकारियों, मलविंदर सिंह जग्गी और गगनदीप सिंह बराड़ को भी बयान दर्ज करवाने के लिए बुलाया है। इस मामले में पहले भी कई नेताओं से पूछताछ हो चुकी है, और अब जांच दोबारा तेज कर दी गई है। ब्यूरो

तीन विदेशी पिस्तौल के साथ तीन आरोपी दबोचे

अमृतसर। स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) अमृतसर और काउंटर इंटेलिजेंस जालंधर ने एक केंद्रीय एजेंसी के सहयोग से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से तीन विदेश निर्मित पिस्तौल और कारतूस बरामद किए हैं। यह कार्रवाई संगठित अपराध और अवैध हथियारों की सप्लाई से जुड़े नेटवर्क के खिलाफ की गई।

जांच में सामने आया कि आरोपी विदेश में बैठे गैंगस्टरों के संपर्क में थे और उनके निर्देशों पर काम कर रहे थे। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपियों के तार पहले दर्ज गंभीर आपराधिक मामलों से जुड़े हो सकते हैं। संवाद

विदेशी पिस्तौल के साथ युवक गिरफ्तार

अमृतसर। थाना छेहरटा पुलिस ने विदेशी पिस्तौल समेत एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि प्रेम नगर निवासी सुखमीत सिंह उर्फ सनी के पास अवैध हथियार है। वह कार में खालसा कॉलेज से इंडिया गेट की तरफ जा रहा है। पुलिस ने छेहरटा चौक में नाकाबंदी कर आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर 30 बोर की विदेशी पिस्तौल, एक मैगजीन और दो कारतूस बरामद हुए। मामला दर्ज कर आरोपी की कार को भी जब्त कर लिया गया। संवाद

सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India
1911 से आपके लिए "सेन्ट्रल" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया
शाखा कार्यालय : एसएएम शाखा, एससीओ 58-59, तीसरी मंजिल बैंक स्क्वायर, सेक्टर-17 बी, चंडीगढ़-160017
मोब : 9982768600; ई-मेल आईडी : samvbchanzo@centralbank.bank.in

ई-नीलामी बिक्री सूचना

परिशिष्ट-IV-ए,
[नियम 8(6) के प्रावधान को देखें]
अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान सहित पठित प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 की वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रवर्तन के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना।

सर्वसाधारण एवं संबंधित ऋणकर्ता(ओं) एवं गारंटर (ओं) को एतद्द्वारा सूचना दी जा रही है कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया (प्रत्याभूतित ऋणदाता) के पास रहन/प्रभारित अचेंनिर्दिष्ट अचल संपत्ति/संपत्तियां जिसका सांकेतिक कब्जा जोकि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया (**प्रत्याभूतित ऋणदाता**) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, इसकी बिक्री **"जैसे है जहां है", "जैसे है जो है"** एवं **"जो भी है वहां है आधार"** पर निम्न निर्दिष्ट ऋणकर्ताओं व गारंटरों से **सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया (प्रत्याभूतित ऋणदाता)** की देय राशि की वसूली के लिए 10.07.2026 को अप.02.00 से अप. 4.00 बजे के मध्य की जाएगी। आरक्षित मूल्य व धरोहर राशि जमा (ईएमडी) की जानकारी संबंधित संपत्तियों के प्रति प्रदर्शित है।

शाखा-तनावग्रस्त परिसंपत्तियां प्रबंधन (एसएएम) शाखा, चंडीगढ़, मोबाईल : 9982768600
ई-मेल : : samvbchanzo@centralbank.co.in

ऋणकर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) एवं शाखा का नाम व पता	संपत्ति/प्रत्याभूत परिसंपत्ति का विवरण एवं संपत्तियों का मालिक	मांग सूचना की तिथि एवं बकाया राशि / कब्जा सूचना की तिथि	आरक्षित कीमत / ईएमडी राशि / बोली बृद्धि राशि
ऋणकर्ता : मैसर्स शांति एग्रो फूड्स प्रा. लि. निदेशक : (1) श्री साहिल वर्मा (2) बिशम्बर लाल **पंजीकृत कार्यालय** :- पोल्ट्री क्षेत्र नीलोखेड़ी जिला करनाल **गारंटर** : (1) श्री बिशम्बर लाल वर्मा पुत्र श्री हंस राज वर्मा (2) श्री साहिल वर्मा पुत्र श्री बिशम्बर लाल वर्मा (3) श्रीमती सत्या रानी पत्नी श्री बिशम्बर लाल वर्मा	**लॉट सं. (1)** श्री साहिल वर्मा के नाम में पशु अस्पताल रोड पर स्थित खुला प्लॉट। बिक्री विलेख सं. 817 दिनांक-05.07.2005 द्वारा श्री साहिल वर्मा पुत्र श्री बिशम्बर लाल के नाम में पशु अस्पताल रोड, फीड फैक्ट्री के पीछे, समीप साहिल पोल्ट्री फारम, नीलोखेड़ी जिला करनाल में स्थित वर्ष 1999-2000 हेतु जमाबंदी के अनुसार खेवट सं.-55 मिन, खतोनी सं.-61, खसरा सं. 58//18/2(6-7) में शामिल 6 कनाल 7 मरला माप की भूमि। **सीमाएं** : **उत्तर**-मैसर्स दीप टिन कनटेनर्स, **दक्षिण**-श्रीमती सत्या रानी की भूमि, **पूर्व**-श्रीमती सत्या रानी की भूमि, **पश्चिम**-रास्ता/गोहर।	23-11-2020 Rs. 41,89,35,078 + ब्याज एवं अन्य खर्चे 09.06.2022 and 28.02.2025 (सांकेतिक)	Rs. 88,83,000/- / Rs. 8,83,300/- / Rs. 1,00,000/-
	लॉट सं. (2) श्री साहिल वर्मा के नाम में पिडिटेंशन टैंक क्षेत्र, वार्ड सं.-6, नीलोखेड़ी में स्थित प्लॉट सं.-21 ट्रांसफर डीड सं.-1876 दिनांक-10-11-2015 द्वारा श्री साहिल वर्मा पुत्र श्री बिशम्बर लाल के नाम में डिटेंशन टैंक क्षेत्र, वार्ड सं.-6, नीलोखेड़ी, जिला करनाल में स्थित 933.50 वर्ग गज माप का प्लॉट सं.-21, **सीमाएं**-**उत्तर**-46.16 फुट प्लॉट सं.-14, **दक्षिण**-46.16 फुट प्लॉट सं.-21 का शेष भाग मालिक श्री साहिल वर्मा, **पूर्व**-182 फुट, प्लॉट सं. 21 का शेष भाग मालिक श्रीमती सत्या रानी, **पश्चिम**-182 फुट सड़क	Rs. 32,21,000/- / Rs. 3,22,100/- / Rs. 50,000/-
	लॉट सं. (3) श्री बिशम्बर लाल के नाम में नीलोखेड़ी टाऊनशिप में स्थित खुला प्लॉट। बिक्री विलेख सं.-2119/1 दिनांक 21.03.2017 द्वारा श्री बिशम्बर लाल पुत्र श्री हंस राज के नाम में नीलोखेड़ी टाऊनशिप, जिला करनाल में स्थित वर्ष 2014-15 हेतु जमाबंदी के अनुसार खेवट सं. 274, खतोनी सं.-288, खसरा सं.-108 (17-2) में शामिल 5.68 मरला माप का प्लॉट। **सीमाएं**-**उत्तर**-अन्य मालिक की भूमि, **दक्षिण**-सड़क, **पूर्व**-सड़क, **पश्चिम**-सड़क।	Rs. 14,75,000/- / Rs. 1,47,500/- / Rs. 50,000/-
	लॉट सं. (4) श्री साहिल वर्मा के नाम में डिटेंशन टैंक क्षेत्र नीलोखेड़ी में स्थित एक प्लॉट ट्रांसफर डीड सं. 1566/1 दिनांक 09.12.2016 द्वारा श्री साहिल वर्मा पुत्र श्री बिशम्बर लाल के नाम में डिटेंशन टैंक क्षेत्र वार्ड सं.-6, नीलोखेड़ी, जिला करनाल में स्थित 641 वर्ग गज माप का प्लॉट सं.-21, **सीमाएं**: **उत्तर**-प्लॉट सं.-14, **दक्षिण**-प्लॉट सं.-21, साहिल वर्मा, **पूर्व**-प्लॉट सं.-21, साहिल वर्मा, **पश्चिम**-सड़क	Rs. 24,88,000/- / Rs. 2,48,800/- / Rs. 50,000/-

ई-नीलामी की तिथि 10.07.2026 को अप. 02:00 बजे से अप. 04:00 बजे के बीच 10 मिनट के ऑटो एक्सटेंशन के साथ वॉलेट में ईएमडी जमा 03.07.2026 (अप. 02:00 बजे से अप. 04.00 बजे)

संपत्तियों के निरीक्षण की तिथि: 25.06.2026 को दोपहर 12:00 बजे से अप. 03:00 बजे के बीच

इच्छुक बोलीदाता वेबसाइट **https://baanknet.com** पर पंजीकरण करेंगे और अपने केवाईसी दस्तावेज अपलोड करेंगे और सेवा प्रदाता द्वारा केवाईसी दस्तावेजों के सत्यापन के बाद, ईएमडी राशि ईएमडी वॉलेट में जमा की जाएगी। खरीदार/बोलीदाता को अपने लॉगिन आईडी और पासवर्ड का उपयोग करके बैंकनेट पोर्टल में लॉगिन करना होगा।

उपरोक्त संपत्ति पर भार का विवरण, जैसे कि बैंक को ज्ञात है -
* प्लॉट्स की जमीन का सीमांकन का प्रकरण है।
* यहां लगभग 700.00 लाख रु. का राज्य सरकार का शुल्क है।
* केन्द्रीय सरकार का शुल्क भी बकाया है। एवं ई-नीलामी "जैसे है जहां है" के आधार पर करायी जा रही है।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया (सुरक्षित लेनदार) की वेबसाइट देखें, यानी https://www.centralbankofindia.co.in या विक्रेता वेब पोर्टल https://baanknet.com

दिनांक: 22.06.2026 | स्थान: चंडीगढ़ | अधिकृत अधिकारी

परेशानी | ट्रंप प्रशासन निश्चित अवधि वाले प्रवेश मॉडल को लागू करने की तैयारी में

पढ़ाई के लिए अमेरिका जाना और होगा मुश्किल

कंवरपाल

हलवारा। अमेरिका में उच्च शिक्षा और विनिमय कार्यक्रमों के लिए जाने वाले लाखों अंतरराष्ट्रीय छात्रों एवं विजिटर्स को जल्द ही बड़ा झटका लग सकता है। ट्रंप प्रशासन दशकों पुरानी ड्यूरेशन ऑफ स्टेटस (डी/एस) व्यवस्था को समाप्त कर निश्चित अवधि वाले प्रवेश मॉडल को लागू करने की तैयारी में है।

व्हाइट हाउस के प्रबंधन एवं बजट कार्यालय ने गृह सुरक्षा विभागद्वारा प्रस्तावित अंतिम विनियमन को मंजूरी दे दी है, जिसके बाद इसे फेडरल रजिस्टर में प्रकाशित किया जाएगा। प्रस्तावित नियम लागू होने पर अधिकांश एफ-1 (शैक्षणिक छात्र), जे-1 (विनिमय विजिटर) और आई (विदेशी मीडिया प्रतिनिधि) वीजा धारकों को अमेरिका में अनिश्चितकाल तक रहने की अनुमति नहीं मिलेगी। इसके बजाय उन्हें एक निश्चित अवधि तक ही प्रवेश दिया जाएगा। नए प्रस्ताव के अनुसार अधिकांश एफ-1 छात्रों को उनके फॉर्म आई-20 की समाप्ति तिथि के अनुरूप प्रवेश दिया जाएगा, लेकिन यह अवधि अधिकतम चार वर्ष तक सीमित होगी।

वर्तमान व्यवस्था में छात्र अपने शैक्षणिक कार्यक्रम की पूरी अवधि तक डी/एस स्थिति में अमेरिका में रह सकते हैं और उन्हें अलग से अवधि विस्तार की आवश्यकता नहीं पड़ती। यदि किसी छात्र का शैक्षणिक कार्यक्रम चार वर्ष से अधिक समय लेता है, जैसे पीएचडी, मेडिकल शिक्षा, शोध आधारित पाठ्यक्रम या डुअल डिग्री कार्यक्रम, तो उसे अमेरिका में रहने की अवधि बढ़ाने के लिए औपचारिक आवेदन करना होगा। इसके लिए यूनाइटेड स्टेट्स सिटीजनशिप एंड इमीग्रेशन सर्विसेज के समक्ष आवेदन देने के साथ बायोमेट्रिक प्रक्रिया भी पूरी करनी पड़ सकती है।

मौजूदा नियमों के तहत पढ़ाई पूरी होने के बाद छात्रों को अमेरिका छोड़ने, वैकल्पिक व्यावहारिक प्रशिक्षण (ओपीटी) के लिए आवेदन करने या वीजा स्थिति बदलने के लिए 60 दिनों का ग्रेस पीरियड मिलता है। प्रस्तावित बदलाव के बाद यह अवधि घटाकर 30 दिन की जा सकती है। इससे छात्रों को नौकरी तलाशने और वर्क परमिट संबंधी औपचारिकताएं पूरी करने के लिए कम समय मिलेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि नई व्यवस्था लागू होने पर अंतरराष्ट्रीय छात्रों पर अतिरिक्त आर्थिक और प्रशासनिक दबाव बढ़ सकता है। अवधि विस्तार के लिए आवेदन शुल्क, बायोमेट्रिक शुल्क और अन्य दस्तावेजी प्रक्रियाओं का खर्च उठाना पड़ेगा। पाठ्यक्रम आधारित व्यावहारिक प्रशिक्षण और ओपीटी जैसी कार्य-अनुमति योजनाओं की निगरानी भी सख्त होने की संभावना है। संवाद

भारतीय छात्रों पर पड़ेगा सीधा असर

अमेरिका में बड़ी संख्या में भारतीय छात्र इंजीनियरिंग, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, चिकित्सा और शोध आधारित कार्यक्रमों में अध्ययन करते हैं। इनमें से कई कोर्स चार वर्ष से अधिक अवधि के होते हैं। ऐसे में भारतीय छात्रों को बार-बार इमिग्रेशन अधिकारियों से अनुमति लेने की जरूरत पड़ सकती है। इसके अलावा वीजा अवधि बढ़ाने की प्रक्रिया से खर्च बढ़ेगा। आवेदन स्वीकृत होने को लेकर अनिश्चितता भी बनी रहेगी। लंबी अवधि की परियोजनाओं पर काम करने वाले छात्रों के लिए भविष्य की योजना बनाना अधिक चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

Scanned with CamScanner